संसद सदस्यों ने संसद पर आतंकवादी हमले की बरसी के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में आज राष्ट्र ने 13 दिसम्बर, 2001 को आतंकवादी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह; केन्द्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी; केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत; केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी; राज्य सभा के उप सभापति श्री हरिवंश; विपक्ष के नेता (राज्यसभा) श्री मल्लिकार्जुन खरगे; केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल; केन्द्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय साध्वी निरंजन ज्योति; केन्द्रीय संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल; और केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

अनेक केन्द्रीय मन्त्रियों; संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्य तथा अन्य विशिष्टजनों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

स्मरणीय है कि वर्ष 2001 में इसी दिन राज्य सभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक, श्री जगदीश प्रसाद यादव और श्री मातबर सिंह नेगी; के.रि.पु.ब. में कांस्टेबल, श्रीमती कमलेश कुमारी; दिल्ली पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक, श्री नानक चन्द और श्री रामपाल; दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल, श्री ओम प्रकाश, श्री बिजेन्द्र सिंह और श्री घनश्याम; तथा के.लो.नि.वि. में माली, श्री देशराज ने आतंकवादी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था।

सर्वश्री जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी और श्रीमती कमलेश कुमारी के नि:स्वार्थ बलिदान के सम्मान में उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से अलंकृत किया गया था। सर्वश्री नानक चन्द, रामपाल, ओम प्रकाश, बिजेन्द्र सिंह और घनश्याम को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से अलंकृत किया गया था।